RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 115 • 08:05:2024 • बुधवार • मूल्य : 5/-

## नौकरियों की कमी है,अगर जनता का भरोसा चला गया तो कुछ नहीं बचेगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की खिंचाई की है। अदालत ने 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने बंगाल सरकार से तीखे सवाल पूछते हुए कहा कि आखिर जब नियुक्ति प्रक्रिया पर ही सवाल उठ रहे थे तो फिर अतिरिक्त पद



क्यों निकाले गए। यही नहीं वेटिंग लिस्ट में रहने वाले कैंडीडेट्स तक को क्यों नियुक्ति मिल गई। वहीं बंगाल सरकार के वकील नीरज किशन कौल ने कहा कि यह तो सीबीआई ने भी नहीं कहा है कि 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति अवैध है। हर चीज शिक्षक और छात्र अनुपात के मुताबिक थी। वहीं बंगाल सरकार के एक अन्य वकील जयदीप गुप्ता ने कहा कि हाई कोर्ट का फैसला ही गलत है, जिसमें उसने शिक्षकों की नियुक्ति को रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसा फैसला देना तो हाई कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में ही नहीं है और सुप्रीम कोर्ट के ही फैसले के विपरीत है।

## मल्लिकार्जुन खरगे ने 'इंडिया' के दलों को लिखा पत्र

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के नेताओं को पत्र लिखा और चुनाव आयोग



पर गंभीर आरोप लगाए हैं। खरगे ने पत्र में कहा कि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता इस बार बेहद कम है। खरगे ने अपने पत्र में 'इंडिया' के नेताओं से आग्रह किया कि वे ऐसी विसंगतियों के खिलाफ आवाज उठाएं और हमारा एकमात्र उद्देश्य एक जीवंत लोकतंत्र की संस्कृति और संविधान की रक्षा करना है। उन्होंने पत्र में कहा,हमें भारत के निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता सुनिश्चित करनी चाहिए और इसे जवाबदेह बनाना चाहिए। खरगे ने कहा लोकतंत्र की रक्षा करना आयोग का काम है।

## रूस की सेना अब परमाणु हथियारों के साथ करेगी युद्धाभ्यास

मॉस्को (एजेंसी)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी सेना को परमाणु हथियारों की ड्रिल करने का आदेश दिया है। इस युद्धाभ्यास में नेवी और यूक्रेनी सीमा के पास तैनात सैनिकों को भी शामिल करने को कहा गया है। अलजजीरा के मुताबिक, पुतिन ने यह फैसला तब लिया जब नाटो और पश्चिमी देशों ने यूक्रेन की मदद के लिए सेना भेजने की बात कही थी। रूस के




रक्षा मंत्रालय ने बताया कि युद्धाभ्यास के दौरान टैक्टिकल न्यूक्लियर वेपेन की तैनाती पर फोकस किया जाएगा। हालांकि, यह ड्रिल कब होगी, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। दरअसल, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पिछले हफ्ते कहा था कि अगर यूक्रेन ने मदद मांगी तो वे अपने सैनिकों को वहां भेज सकते हैं। इसके ठीक एक दिन बाद ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरून ने कहा था कि यूक्रेन अगर चाहे तो वह रूस पर हमला करने के लिए ब्रिटिश हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है।

## कश्मीर में मिली बड़ी सफलता कुलगाम में 2 आतंकी हुए ढेर

### लश्कर कमांडर बासित डार मारा गया,फायरिंग से घर में आग लगी, इसी में आतंकी छिपे थे

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया। मारा गया पहला आतंकी लश्कर का टॉप कमांडर बासित डार है। बासित पर 10 लाख रुपए का इनाम था। वह कश्मीर में कई लोगों की हत्या में शामिल रहा है। मारे गए दूसरे आतंकी का नाम फहीम अहमद है। वह ओवर ग्राउंड वर्कर था, जो आतंकियों की मदद करता था। हालांकि फहीम को लेकर अब तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। एनकाउंटर के दौरान सुरक्षाबलों ने उस घर में ब्लास्ट किया, जहां आतंकी छिपे थे। इससे घर में आग लग गई। मारे गए दोनों आतंकियों के शव बरामद कर लिए



गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि उन्हें रेडवानी पाईन इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद सोमवार देर रात तलाशी अभियान शुरू किया गया, जो मुठभेड़ में बदल गया। जम्मू-कश्मीर के पुंछ में 4 मई को एयरफोर्स जवानों पर हुए आतंकी हमले में पांच जवान घायल हुए थे। इलाज के दौरान एक जवान की मौत हो गई। यह हमला पुंछ के शाहसितार इलाके में हुआ। आतंकियों ने सुरक्षाबलों के दो वाहनों पर भारी फायरिंग की। इसमें से एक वाहन एयरफोर्स का था। दोनों गाड़ियां सनाई टॉप जा रही थीं। आतंकियों की गोलियां वाहन के सामने और साइड वाले शीशे को पार कर गईं। सुरनकोट में 21 दिसंबर को सेना के काफिले पर आतंकियों ने हमला किया था। इसमें 5 जवान शहीद हो गए थे।

## पहले और दूसरे राउंड की वोटिंग पर टीएमसी को अब भी है शक

### • देर से आंकड़ा जारी करने पर अब सीधे मुख्य चुनाव आयुक्त से पूछा सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में पहले और दूसरे चरण की वोटिंग का आंकड़ा चुनाव आयोग ने कई दिनों के बाद अपडेट किया था। इसे लेकर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सवाल उठाए थे। अब टीएमसी ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार से मांग की है कि हर लोकसभा क्षेत्र का वोटिंग प्रतिशत शेयर किया जाए। ममता की पार्टी ने कहा कि चुनाव आयुक्त यह बताएं कि पहले और दूसरे राउंड की वोटिंग में किस सीट पर कितना मतदान हुआ। असल में कितने मतदाता हैं और कितने लोगों ने वोट डाला। इसके अलावा वोटिंग प्रतिशत पर फाइनल आंकड़ा जारी करने में देरी क्यों हुई। इसे लेकर भी सवाल उठाया गया है। चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखे पत्र में टीएमसी ने कहा कि दो राउंड की वोटिंग में कितना मतदान प्रतिशत रहा। यह आंकड़ा चुनाव आयोग ने 30 अप्रैल को जारी किया था। ऐसा क्यों किया गया। इसके अलावा अब तक यह जानकारी भी नहीं मिल




सकी है कि कितने योग्य मतदाता थे और कितने लोगों ने वास्तव में वोट डाला। यही नहीं टीएमसी ने कहा कि पहले जिस तरह से डाटा शेयर किया जाता था, उसके मुकाबले यह अलग है। बता दें कि पोलिंग डेटा देने में देरी के आरोपों पर चुनाव आयोग ने जवाब दिया था।

## हरियाणा की बीजेपी सरकार पर संकट के आसार

**रोहतक (एजेंसी)।** हरियाणा में लोकसभा चुनाव के बीच बीजेपी को बड़ा झटका लगा है। राज्य में जजपा से गठबंधन टूटने के बाद भाजपा की सरकार बनाने वाले 3 निर्दलीय विधायकों ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया। समर्थन करने वाले निर्दलीय विधायकों में पुंडरी से विधायक रणधीर गोलन, नीलोखेड़ी से धर्मपाल गोंदर और चरखी दादरी से विधायक सोमवीर सांगवान शामिल हैं। इन तीनों विधायकों ने रोहतक में पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा की मौजूदगी में कांग्रेस के समर्थन का ऐलान किया। बादशाहपुर से राकेश दौलताबाद के भी कांग्रेस को समर्थन की चर्चा है लेकिन वे यहां नजर नहीं आए। कैबिनेट विस्तार के दौरान नायब सैनी की कैबिनेट में रणजीत चौटाला के अलावा किसी निर्दलीय को जगह नहीं मिली थी।

## 93 सीटों पर ईवीएम में कैद हुई प्रत्याशियों की किस्मत

### बंगाल-असम में हुई बंपर वोटिंग, बिहार-महाराष्ट्र पिछड़े

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 लोकसभा सीटों पर मंगलवार सुबह 7 बजे से जारी वोटिंग शाम छह बजे खत्म हो गई है। चुनाव आयोग के मुताबिक, 64.08 फीसदी लोगों ने वोट डाले।




असम में सबसे ज्यादा 75 फीसदी, सबसे कम महाराष्ट्र में 53 फीसदी लोगों ने मतदान किया। बिहार में वोटिंग के दौरान पीठासीन अधिकारी और होमगार्ड जवान की मौत हो गई है। छत्तीसगढ़ के जशपुर में मतदान करने पहुंचे एक बुजुर्ग वोटर की मौत हो गई।

वहीं, पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के भाजपा कैंडीडेट और टीएमसी समर्थक के बीच झड़प हुई है। यूपी के संभल में पुलिस ने लोगों पर लाठीचार्ज किया। इसमें कुछ लोग घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद स्थित निशान हायर सेकेंडरी स्कूल में वोट डाला। उनके साथ गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री सफेद कुर्ता-पायजामा और भगवा जैकेट पहने हुए थे। वहीं अमित शाह सफेद कुर्ता-पायजामा के साथ भगवा रंग का गमछा लिए हुए थे। पीएम मोदी कार से उतरने के बाद अमित शाह के साथ पैदल ही लोगों का अभिवादन करते हुए बूथ तक पहुंचे और मतदान किया। वोट डालने के बाद प्रधानमंत्री ने बच्चों के हाथ पर ऑटोग्राफ दिया। लोगों के साथ तस्वीरें क्लिक करवाईं। एक बच्ची को गोद में लेकर हवा में उछाला।

## पुतिन ने पांचवीं बार ली रूस के राष्ट्रपति पद की शपथ

**मॉस्को (एजेंसी)।** व्लादिमार पुतिन ने मगलवार को पांचवीं बार रूस के राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली है। क्रेमलिन में एक भव्य समारोह में शपथ लेकर 71 साल के पुतिन ने अपने पांचवें कार्यकाल की शुरुआत की है। पुतिन ने ऐसे समय में रूसी राष्ट्रपति का पद पांचवीं बार संभाला है, जब उन पर देश में विपक्ष को कुचलने का आरोप लग रहा है और पश्चिम के साथ टकराव काफी ज्यादा बढ़ा हुआ है। रूस की सत्ता में लगातार मजूबत होते रहे पुतिन के सामने अपने इस



कार्यकाल में कई तरह की चुनौतियां होंगी। खासतौर से यूक्रेन में युद्ध का संकट उनके सामने एक बड़ा चैलेंज है। पुतिन के मुख्य प्रतिद्वंद्वी एलेक्सी नवलनी की आर्कटिक जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत के बाद मार्च में हुए चुनाव को पश्चिम ने एक दिखावा करार दिया है।

## बिहार में कैदी को सिर पर बिठाकर नाच रही कांग्रेस

### लालू पर कसा तंज, राजद सुप्रीमो ने कहा था-मुसलमानों को पूरा आरक्षण मिलना ही चाहिए

**पटना (एजेंसी)।** आरजेडी चीफ लालू प्रसाद यादव ने कहा कि मुसलमानों को पूरा रिजर्वेशन मिलना चाहिए। लालू ने पीएम मोदी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी संविधान और




लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं ये बात जनता समझ गई है। लालू मंगलवार को एमएलसी के शपथ ग्रहण में विधान परिषद पहुंचे थे, जहां उन्होंने ये बयान दिया। पीएम मोदी ने मध्यप्रदेश के धार में चुनावी सभा के दौरान लालू के बयान पर पलटवार किया है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस चुप है, लेकिन आज उनके एक सहयोगी दल ने इंडिया गठबंधन के इरादों की पुष्टि कर दी। उनके नेता जो चारा घोटाले के मामले में जेल में हैं और कोर्ट से सजा पा चुके हैं,अभी जमानत पर बाहर आए हैं, उन्होंने कहा कि मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए, सिर्फ आरक्षण नहीं, उनका कहना है कि मुसलमानों को मिलना चाहिए पूर्ण आरक्षण। इसका अर्थ क्या है। ये लोग एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय को मिला सारा आरक्षण छीनकर मुसलमानों को पूरा आरक्षण देना चाहते हैं। बता दें कि पीएम मोदी लगातार इंडी गठबंधन के नेताओं पर आरोप लगा रहे हैं कि वो पिछड़ा, ओबीसी के आरक्षण को छीनकर मुसलमानों को देना चाहते हैं।

## आरक्षण सामाजिक होता है, धर्म के आधार पर नहीं हो सकता

पटना (एजेंसी)। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने मुस्लिमों को आरक्षण देने वाले अपने बयान पर सफाई दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आरक्षण सामाजिक आधार पर होता है, धर्म के आधार पर नहीं होता है। लालू ने कहा कि मंडल कमीशन की सिफारिशें मैंने लागू किया था। बता दें कि कुछ घंटों पहले ही लालू यादव ने मुस्लिमों को आरक्षण देने की बात कही, जिस पर सियासी हंगामा मच गया। बीजेपी इसका जमकर विरोध कर रही है। लालू यादव ने मंगलवार सुबह पटना में दिए एक बयान में मुस्लिमों को आरक्षण देने की वकालत की। इसके बाद सियासी पारा गर्मा गया। बीजेपी और जेडीयू के नेताओं ने इसका विरोध किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मध्य प्रदेश की एक रैली में लालू के बयान का हवाला देते हुए इंडिया गठबंधन पर एससी, एसटी, ओबीसी का हक छिनने का आरोप लगाया। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने यह तक कह दिया कि लालू कितनी भी कोशिश कर लें मुसलमानों को अलग से रिजर्वेशन नहीं मिलेगा। अब कुछ ही घंटों के भीतर लालू यादव का स्पष्टीकरण आया है। दोपहर में मीडिया से बातचीत में उन्होंने धर्म के आधार पर आरक्षण देने की बात से साफ इनकार कर दिया।

## पतंजलि पर तो सवाल उठा रहे, पर आपने क्या किया

### अब आईएमए को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने की जमकर खिंचाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन का केस दायर करने वाले आईएमए की ही अब सुप्रीम




कोर्ट ने खिंचाई की है। अदालत की फटकार के बाद बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने निजी तौर पर माफी मांगी थी। इसके बाद अखबारों में विज्ञापन निकालकर भी माफी मांगी गई थी। इसके बाद आईएमए के अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकन ने इंटरव्यू में एक बयान दिया था, जिसके चलते वह निशाने पर हैं। अदालत की सुनवाई के दौरान एलोपैथी के डॉक्टरों पर की गई टिप्पणी पर बात करते हुए अशोकन ने बेंच पर ही सवाल उठा दिए थे। इसी के खिलाफ अब पतंजलि ने अब आईएमए पर अवमानना की याचिका दाखिल की है। इसी पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने आईएमए की खिंचाई की। इस तरह नजारा बदला हुआ दिखा और जो अदालत अब तक पतंजलि की खिंचाई कर रही थी, उसी ने आईएमए के रवैये पर सवाल उठाए। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानुल्लाह की बेंच ने कहा, आप पतंजलि पर भ्रामक विज्ञापन के लिए सवाल उठा रहे थे।

### केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर अटका 'सुप्रीम' फैसला

## सुप्रीम कोर्ट की ओर से कोई आदेश नहीं, अब 9 मई को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर मंगलवार कोई फैसला नहीं आया। इस मामले में कोर्ट की ओर से कोई आदेश नहीं जारी किया गया और सुनवाई 9 मई या अगले हफ्ते में पूरी होगी। इससे पहले सुनवाई के दौरान पीठ ने दोनों पक्षों को सुना। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी से कोर्ट ने पूछा कि क्या केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद सरकारी फाइलों पर साइन करेंगे। सिंघवी ने कहा कि उनके मुवक्किल दिल्ली शराब नीति मामले में किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं करेंगे। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने ईडी के वकील से पूछा कि आपने बताया कि दिल्ली शराब घोटाले से 100



करोड़ धन मिला था, लेकिन यह 2-3 साल में 1100 करोड़ रुपये कैसे बन गया। यह तो बहुत तेजी से बढ़ने वाली राशि हो गई। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने ईडी के वकील से कई सवाल पूछे। ईडी की ओर से बोलते हुए एसवी राजू ने बताया कि जब हमने जांच शुरू की थी, तब यह सीधे तौर पर केजरीवाल के खिलाफ नहीं थी।

## चंद्रबाबू नायडू की जमानत के खिलाफ एससी में टली सुनवाई

### 10 हफ्ते बाद की तारीख दी गई, आंध्र सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम और टीडीपी चीफ चंद्रबाबू नायडू को हाईकोर्ट से मिली जमानत के खिलाफ आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वह इस मामले को 10 हफ्ते बाद सुनेगी। यह याचिका आंध्र प्रदेश सरकार की तरफ से दाखिल की गई है। नायडू को स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन घोटाला मामले में 9 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। 31 अक्टूबर को स्किल डेवलपमेंट घोटाले में आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने उन्हें मेडिकल ग्राउंड पर अंतरिम जमानत दी थी। तब वे राजमुंदरी जेल से करीब 53 दिन बाद बाहर आए थे। 20 नवंबर को हाईकोर्ट ने उन्हें रेगुलर बेल दे दी। नायडू के खिलाफ आंध्र



प्रदेश की जांच एजेंसियों ने पांच अलग-अलग मामलों में जांच चल रही है। इसके बाद आंध्र प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील करते हुए हाईकोर्ट के फैसले को रद्द करने के निर्देश की मांग की थी। सरकार ने कहा है कि नायडू एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं। वे एक सरकारी कर्मचारी सहित अपने दो प्रमुख सहयोगी पहले ही देश से भागने की व्यवस्था कर चुके हैं। स्किल डेवलपमेंट घोटाले में नायडू को 9 सितंबर को गिरफ्तार किया था।

### संक्षिप्त समाचार

## मधेपुरा-मुरलीगंज रेल खंड पर मिला अज्ञात वृद्ध का शव



**मधेपुरा , एजेंसी।** मधेपुरा के भर्राही थाना क्षेत्र के नेहालपट्टी और मानिकपुर के बीच रविवार को रेलवे ट्रैक पर एक वृद्ध की सिर कटी लाश मिली। मधेपुरा-मुरलीगंज रेल खंड पर लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। किसी ने घटना की सूचना भर्राही थाना को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि शाम 4 बजे पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से घटना हुई है। रेलवे लाइन किनारे उसका धड़ था और सिर दोनों पटरी के बीच पड़ा हुआ था। मृतक की पहचान के लिए पुलिस जानकारी जुटाने में लगी हुई है। भर्राही थानाध्यक्ष मनोज कुमार बच्चन ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। मृतक की पहचान के लिए लोगों से पता लगाया जा रहा है।

## रिटायर्ड सैनिक के घर से 5 लाख की डकैती, चाकू के बल पर घर वालों को बनाया बंधक

**गया, एजेंसी।** गया शहर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामबाग स्थित भूतपूर्व सैनिक संजय सिंह के घर में सोमवार की रात डकैती की गई है। बताया जाता है कि 12 की संख्या में बदमाश आए थे। इस संबंध में भूतपूर्व सैनिक के पुत्र सागर कुमार ने बताया कि रात्रि को लगभग 3 बजे घर की खिड़की का ग्रिल उखाड़ कर घर में घुसे और चाकू दिखाकर घर में मौजूद लोगों को एक रूम में बंद कर दिया। उसके बाद सोने चांदी के जेवरात लेकर चले गए। सागर कुमार ने बताया कि उनकी माता जो सोने का कान में पहने हुए थे उसको भी डकैतों ने खुलवा लिया। घर वालों के मुताबिक 5 लाख के जेवरात डकैत ले भागे। गृह स्वामी भूतपूर्व सैनिक संजय सिंह रात्रि को घर पर नहीं थे। डकैती की सूचना मिलने के बाद वह अपने घर पहुंचे। वहीं वजीरगंज सीडीपीओ सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि डकैती की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## करंट लगने से 48 साल के मजदूर की मौत

**सहरसा , एजेंसी।** सहरसा में करंट की चपेट में आने से 48 साल के व्यक्ति की मौत हो गई। घटना जिला के बनगांव थाना क्षेत्र स्थित बरियाही बाजार की बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक का नाम रंजीत कुमार गुप्ता है और वह बरियाही बाजार वार्ड नंबर 12 का रहने वाला बताया जा रहा है। मृतक मजदूरी और वैल्डिंग करने का काम करता था। घटना के संबंध में वार्ड पार्षद विनय बिहारी ने बताया कि वह किसी के घर में काम कर रहे थे। सरिया खड़ा करने के दौरान 11 हजार के तार में सट गए और झुलस गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतक मजदूर अपने पीछे चार बेटी और एक

# 60 करोड़ में यूपी से खरीदा गया था प्रश्न पत्र अभ्यर्थी को लेकर सामने आई चौंकाने वाली बात

**पटना, एजेंसी।** नीट (नेशनल एंट्रेंस कम एलिजिबिलिटी टेस्ट) परीक्षा में गड़बड़ी की आशंका में डीएवी स्कूल, बोर्ड कालोनी से गिरफ्तार अभ्यर्थी आयुष राज ने चौंकाने वाला राजफाश किया है। इससे प्रश्न पत्र लीक की पुष्टि हो गई है और तार झारखंड से जुड़ गए हैं।

पटना पुलिस ने शास्त्री नगर थाने में प्रश्न पत्र लीक की प्राथमिकी की है। इसमें अब तक एक अभ्यर्थी की मां, राजफाश करने वाले आयुष के पिता समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में दानापुर नगर परिषद का कनीय अभियंता सिकंदर यादवेंदु भी शामिल है।

इनके पास से झारखंड नंबर की डस्टर कार एवं मोबाइल बरामद हुए हैं। प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने वाला राकी अभी पुलिस की पकड़ से दूर है, पुलिस सरगर्मी से उसकी तलाश कर रही है। उसकी गिरफ्तारी के बाद ही किंग पिन का पता चलेगा, जिसने प्रश्न पत्र उड़ा कर गुर्गों के बीच बांटे।

पुलिस को अब तक मिली जानकारी में पता चला है कि नालंदा के नगरनौसा प्रखंड की भूतहाखार पंचायत के बलवा पर गांव निवासी कुख्यात परीक्षा माफिया संजीव कुमार ने रॉकी को प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए थे।

संजीव के पुत्र डॉ. शिव कुमार का नाम गत मार्च में बीपीएससी टीआरई 3 प्रश्न पत्र लीक में सामने आया था, उसे




मध्य प्रदेशके उज्जैन से गिरफ्तार किया गया था, अभी जेल में है। संजीव की पत्नी ममता देवी भूतहाखार पंचायत की मुखिया रही हैं। ममता 2020 में हरनौत से विधानसभा चुनाव भी लड़ चुकी हैं।

वह विजेता की निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहीं थीं। अभ्यर्थी के अभिभावकों ने पूछताछ में पुलिस को बताया है कि प्रति अभ्यर्थी 40 लाख रुपये में सौदा तय हुआ था। प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने वालों ने कहा था कि राकी ने संजीव के माध्यम से 60 करोड़ में उत्तर प्रदेश से प्रश्न खरीदा था।

आयुष ने पुलिस को पूछताछ में बताया है कि परीक्षा से एक दिन पूर्व (चार मई) की रात ही उसे प्रश्न पत्र और उनके उत्तर मिल गए थे। परीक्षा माफिया के लोगों ने रामकृष्ण नगर के खेमनीचक स्थित लर्न ब्वायज हास्टल एवं लर्न प्ले स्कूल में रात भर रखकर प्रश्नों के उत्तर रटवाए थे। वहां उसके जैसे 20-25 अन्य छात्र भी थे।

दूसरे दिन गिरोह के सदस्य सभी छात्रों को परीक्षा केंद्रों तक लेकर गए थे। आयुष ने पुलिस की पूछताछ में दावा किया कि जिन प्रश्नों के उत्तर उसे रटवाए गए थे, वे ही प्रश्न परीक्षा में शत प्रतिशत मिले थे। ऐसे में पुलिस मान रही है कि प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले ही माफिया के माध्यम से अभ्यर्थियों तक पहुंच गए थे।

रविवार को एक केंद्रीय एजेंसी की रांची (झारखंड) इकाई से एसएसपी को नीट का प्रश्न पत्र लीक होने की सूचना मिली। उन्हें डस्टर का रजिस्ट्रेशन नंबर (जेएच01बीडब्ल्यू-0019) के बारे में बताया गया कि इस गाड़ी में परीक्षा माफिया के लोग घूम रहे हैं। इसके बाद कार की खोज शुरू हुई।

शास्त्री नगर थाना अध्यक्ष अमर कुमार के नेतृत्व में टीम ने रविवार की दोपहर 2ः05 बजे राजवंशी नगर मोड़ के पास घेराबंदी कर पटेल भवन की ओर से आ रही कार को रोक लिया। उसमें सिकंदर यादवेंदु (पुसहों, विधान थाना, समस्तीपुर), अखिलेश कुमार (सुल्तानपुर, दानापुर) और बिट्टू कुमार (बड़का गांव, गढ़ नोखा, रोहतास) सवार थे।

तीनों सवारों समेत कार शास्त्री नगर थाने लाई गई। वहां पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो डैश बोर्ड के सेल्फ से चार नीट अभ्यर्थी अभिषेक कुमार, शिवनंदन कुमार, आयुष राज और अनुराग यादव के एडमिट कार्ड मिले। सख्ती से पूछताछ करने पर सिकंदर ने बताया कि इन सभी विद्यार्थियों को उसने अलग-अलग सेंटरों पर परीक्षा देने के लिए पहुंचाया है।

चूंकि, आयुष शास्त्री नगर थाने के समीप बोर्ड कालोनी स्थित डीएवी स्कूल में परीक्षा दे रहा था तो पुलिस वहां फौरन पहुंच गई। केंद्राधीक्षक ने एडमिट कार्ड देख कर पुलिस को बताया कि यह अभ्यर्थी कमरा नंबर 28 में परीक्षा दे रहा है।

पुलिस सेंटर के बाहर ही खड़ी रही, जैसे ही आयुष निकला, उसे पकड़ लिया गया। आयुष ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसे शनिवार की रात प्रश्न पत्र व उत्तर रटवाए गए थे, इसके बाद वह परीक्षा देने आया था।

## बांका के शंभुगंज में तस्करों के हौसले बुलंद, शाम ढलते ही बालू की तस्करी का काम कर देते शुरू



**संवाद सहयोगी, शंभुगंज (बांका)।** बदुआ एवं लोहागढ़ नदी से बालू उत्खनन का खेल बदस्तूर जारी है। जबकि सरकारी स्तर पर प्रखंड की नदियों में एक भी बालू घाटों की लीज नहीं है। इसके बावजूद भी प्रशासनिक उदासीनता है। बालू खनन का धंधा दिन रात चल रहा है। खासकर बदुआ नदी के गढ़ी मोहनपुर, बग्घा, वैद्पुर, चकरतनी इत्यादि अन्य जगहों पर एवं लोहागढ़ नदी के बंधूडीह, मालडीह, पीपरा, करंजा इत्यादि अन्य गांवों के समीप अवैध बालू खनन हो रहा है। तस्कर दिन भर नदी से बालू खनन कर सुरक्षित ठिकाने पर भंडारण करते हैं। फिर शाम ढलते ही तस्करी कामों में लग जाते हैं। लोहागढ़ नदी के समीप पीपरा गाव के नहर पर कई जगहों पर अवैध भंडारण है। स्थानीय अधिवक्ता आत्मानंद सिंह सहित अन्य ने बताया कि खेसर सड़क पर रात भर दर्जनों बालू लोड ट्रैक्टर, टीपर इत्यादि चलता है। बताया कि बालू वाहनों के कारण ग्रामीणों का सुबह सड़क पर टहलना मुश्किल हो गया है। बालू खनन से एक तो नदियों का स्वरूप बिगड़ गई है। दूसरा समीप के गांवों में चापानल कुआं का जलस्तर खत्म होने से सूखने लगा है। ग्रामीणों ने कहा कि बालू खनन और भंडारण की शिकायत कई बार स्थानीय प्रशासन से किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हई है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत डीएम से करने की जानकारी दी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बताया कि बालू खनन और भंडारण होने की शिकायत नहीं मिली है। बताया कि पुलिस लगातार गश्ती और छापामारी अभियान भी चला रही है।

## नाबालिगों को फंसाकर शादी कराने वाले गिरोह का खुलासा

**सीतामढ़ी, एजेंसी।** सीतामढ़ी में नाबालिग बच्चियों की शादी से जुड़े रैकेट का खुलासा हुआ है। बचपन बचाव आंदोलन की टीम और पुलिस को रविवार की रात एक नाबालिग बच्ची की शादी की सूचना मिली थी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने नाबालिगों को फांस कर शादी कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। वहीं, इस रैकेट में शामिल यूपी के तीन आरोपी समेत आधा दर्जन लोगों को भी गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना रुन्नी सैदपुर प्रखंड के एक गांव की है। जहां नाबालिग लड़कियों को झांसे में लेकर शादी कराई जा रही थी। जिसकी गुप्त सूचना मिलने पर बचपन बचाओ आंदोलन की टीम व जिला के नोडल पुलिस पदाधिकारी और स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले लड़की की शादी हो चुकी थी। पुलिस ने लड़की को उसके बंधन से मुक्त कराया। वहीं, मौके पर मौजूद दूल्हे और विवाह कराने वाले पंडित को गिरफ्तार कर लिया गया।

बचपन बचाओ आंदोलन के सहायक प्रोजेक्ट अधिकारी मुकुंद कुमार चौधरी ने बताया, बीडीओ और स्थानीय थाना से समन्वय स्थापित किया गया। जिसके बाद टीम तुरंत मौके पर पहुंची। लेकिन, तब तक नाबालिग लड़की की शादी करवा दिया गया।

# विदेश में जॉब के नाम पर धोखाधड़ी, साइबर अपराधी चालाकी से भेज रहे लिंक, क्लिक करते ही पूरा अकाउंट मिनटों में खाली

**भागलपुर, एजेंसी।** विदेशों में विभिन्न कंपनियों में बेहतर जॉब दिलाने का झांसा देने वाले साइबर ठग जॉब दिलाने के नाम पर लिंक भेज झटके में खाता खाली कर दे रहे हैं। बीते एक साल में साइबर शातिर दो दर्जन से अधिक पढ़े-लिखे लोगों के बैंक खाते से लाखों का चूना एक झटके में लगा चुके हैं।साइबर ठगी के शिकार लोगों में एमबीए की छात्रा, मेडिकल प्रोफेशनल, इंजीनियर आदि भी शामिल हैं। जरा भी ऐसे अनचाहे मैसेज या लिंक को टच किया नहीं कि आपके साथ साइबर फ्रॉड हो सकता है।

जोगसर थानाक्षेत्र के हनुमान नगर की रहने वाली एमबीए की छात्रा अंशिका प्रिया से नौकरी के नाम पर खाते से एक लाख 75 हजार रुपये की साइबर ठगी एक झटके में कर ली गई।



घटना की बाबत छात्रा अपने मौसेरे भाई निशांत के साथ जोगसर थाने में 15 फरवरी 2024 की शाम शिकायत की थी। छात्रा बेंगलुरु में रहकर एमबीए की पढ़ाई कर रही थी। वहां से वह भागलपुर स्थित हनुमान नगर स्थित मौसी के यहां आई थी।

इस दौरान उसके मोबाइल पर एक यूएस की कंपनी में नौकरी का अवसर बता लिंक भेजा गया था। जिसे क्लिक करते ही उसके खाते से एक लाख 75 हजार रुपये की निकासी कर ली गई।

22 दिसंबर 2023 को साइबर शातिर ने इस बार स्त्री रोग विशेषज्ञ वीणा सिन्हा के खाते से छह लाख 35 हजार रुपये का चूना लगा दिया था। साइबर ठगी की जानकारी पर डा.सिन्हा के पुत्र सत्यशील कुमार ने जोगसर थाने में केस दर्ज कराया था।

अब तक मामले में पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लग सकी है। एक दिसंबर 2023 को सुबह नौ बजे इंटरनेट बैंकिंग को ओपन किया। इंटरनेट बैंकिंग खोलने के तुरंत बाद चार चरणों में छह लाख 35 हजार रुपये की निकासी कर ली गई थी।

नाइजीरियन फेसबुक फ्रैंड सारा मोंबाटा ने 27 दिसंबर को साइबर ठगी को अंजाम देते हुए बेंगलुरु के बनसंकरी इलाके में रहने वाले इंजीनियर राकेश अग्रवाल को 80 हजार रुपये का चूना झटके में लगा दिया था। मामले में अब तक पुलिस की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।

पुश्तैनी जमीन के कागजात दुरुस्त कराने भागलपुर पहुंचे राकेश अग्रवाल को उनकी नाइजीरियन फेसबुक फ्रेंड सारा मोंबाटा ने व्हाट्सएप्प कॉल कर बताया था कि वह इंडिया पहुंची है।

# तेजस्वी की हालत केजरीवाल और सोरेन जैसी होगी : विजय सिन्हा

**बेगूसराय , एजेंसी।** बेगूसराय में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद तेजस्वी यादव के कार्यकाल में किए गए कामों की जांच कराई जाएगी। उपमुख्यमंत्री और पांच विभाग के मंत्री रहते हुए तेजस्वी यादव ने बड़ी गड़बड़ी की है। विजय सिन्हा ने कहा कि अगुवानी घाट पुल ध्वस्त होने के मामले में तेजस्वी ने गड़बड़ी की थी। उस पर कार्रवाई करने के बदले माल लेकर लीपापोती कर दी। लोगों ने इसकी शिकायत की है। इसकी उच्च स्तरीय जांच कराएंगे। ऐसे भ्रष्ट कार्यों से जो अकूत संपत्ति अर्जित की गई है, चुनाव के बाद उसकी जांच होगी। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा था हम बख्शेंगे नहीं, इसलिए वह लोग भयभीत हैं।जिनको इन्होंने प्रमोशन दिया, जिसे इन लोगों ने प्रभावित होकर बढ़ाने का कार्य किया है, वह बख्शे नहीं जाएंगे। अकूत संपत्ति बनाने का काम किया है। पीएचईडी विभाग के 1100 टेंडर हमने एक बार में रद्द करने का आदेश दे दिया है। बालू माफिया पर शिकंजा कसने का आदेश दिया है, चुनाव के बाद इसका असर दिखाई देने लगेगा। विजय सिन्हा के




बयान पर राजद ने पलटवार करते हुए कहा है कि सबको पता है नीतीश जी के नेतृत्व में मंत्री काम कर रहे थे। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि इनकी भी वही दशा होगी जो दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की हुई है। जिसने जनता की गाढ़ी कमाई लूटी है, उसकी दुर्दशा तय है।

विजय सिन्हा ने आगे कहा कि बड़बोले पिता के बड़बोले पुत्र झूठ और भय का वातावरण बना रहे थे। उन्होंने कहा था कि हम नियुक्ति के लिए चिंतित हैं, रोजगार के लिए चिंतित हैं, लेकिन बिहार के लोग बेरोजगार हो गए। पांच विभाग के मंत्री थे, कुछ नहीं कर पाए। पांचों विभाग के अंदर एक भी नियुक्ति नहीं की। उन्होंने कहा कि बिहार के अंदर चुनाव को लेकर उत्साह है। मुंगेर और खगड़िया भ्रमण में लोगों का एनडीए के प्रति स्पष्ट रुझान दिखा। बेगूसराय में लोगों का उत्साह दिख रहा है।यह उत्साह बिहार की अराजकता को खत्म करेगा। उन लोगों ने बिहार के अंदर एक नकारात्मक वातावरण बनाया था। अपराध और भ्रष्टाचार को संरक्षित करने का माहौल बनाया था। अपराधियों को टिकट देकर अपराध को फलने-फूलने का संकेत दिया है, उसका जवाब बिहार की जनता पूरी ताकत से देगी। राजद की मानसिकता जंगल राज की है, उसका जवाब बिहार की जनता वोट के माध्यम से देगी।तेजस्वी यादव के भाजपा को झूठा पार्टी कहने और प्रधानमंत्री पर जनता को ठगने का आरोप लगाए जाने पर विजय सिन्हा ने कहा है कि लोग कहते हैं कि वे राजा हरिश्चंद्र के खानदान से हैं। इनकी बातें लोगों को समझ में आती है, चपरासी क्वार्टर में रहने वाले महलों के राजा बन गए। ईडी और आईटी पूछने लगा तो कहने लगे कि पूछने वाले भाजपा के जमाई हैं, वे भाजपा के जमाई नहीं मां भारती के संतान हैं, जिन पर भाजपा को गर्व है।विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी यह नहीं बता पाते हैं कि इनके यार कौन हैं। आतंकवाद, उग्रवाद और भ्रष्टाचार। वह कितने सत्य बोलते हैं कि लोग कोई गंभीरता से नहीं लेता है। प्रधानमंत्री पर जिस तरह के शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं, वह शब्द का अर्थ भी वो समझ नहीं पाते हैं।बिहार की जनता इनके बारे में जानती है। जनता की गाढ़ी कमाई लूटकर 100 लोगों की टीम बनाई गई है, जो लिख कर देता है वही बोलते हैं।

## जमीन बंटवारे को लेकर परिवार में मारपीट, 9 घायल




**शेखपुरा , एजेंसी।** शेखपुरा के सदर प्रखंड स्थित हथियावा थाना क्षेत्र के दुल्लापुर गांव में दुबारा जमीन बंटवारे की बात पर भाइयों के बीच मारपीट हो गई। घटना में वृद्ध मां सहित दोनों पक्ष के 9 लोग घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को ग्रामीणों ने सदर अस्पताल शेखपुरा में भर्ती कराया। वहीं घायलों की पहचान एक पक्ष से अनारवा देवी, प्रमोद यादव, रेणु देवी और ब्रह्मदेव यादव के रूप में की गई। जबकि दूसरे पक्ष से सुग्गन यादव, चंपा देवी, सोनू कुमार, कौशल कुमार और अशोक यादव का नाम शामिल है।

घटना की सूचना पर हथियावा थाना के एसआई विनय कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि घायल अनरवा देवी के तीन बेटों के बीच आपसी बंटवारे को लेकर विवाद हुआ था। इसमें एक तरफ से प्रमोद यादव की पत्नी रेणु देवी और दूसरी ओर से सोनू कुमार ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। घायल प्रमोद यादव ने कहा कि तीनों भाइयों के बीच 20 साल पहले भूमि को लेकर बटवारा हो गया था। अब परिवार के लोग फिर से बटवारा करने के लिए दबाव बना रहे है। इसलिए लड़ाई हो गई।

## नाव से बूथ तक पहुंचे वोटर्स, दिव्यांग और बुजुर्गों में भी मतदान को लेकर दिखा उत्साह



**पटना , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में बिहार की 5 सीटों पर मंगलवार को वोटिंग हो रही है। इसमें मधेपुरा, सुपौल, अररिया, खगड़िया और मिथिलांचल का झंझारपुर शामिल हैं। वोटिंग के दौरान कई ऐसी तस्वीरें सामने आई, जिसे लोकतंत्र की खूबसूरती से नवाजा जा सकता है।कई बूथ पर महिला वोटर्स की लंबी कतार नजर आई तो कहीं पहली बार मतदान की करने की खुशी नजर आई। कहीं दिव्यांगता को हरा मतदान के लिए बुजुर्ग महिला बूथ तक पहुंचीं।

# पांच घंटे तक चली केके पाठक के अधिकारियों और कुलपतियों के बीच बैठक

**पटना, एजेंसी।** सोमवार को शिक्षा विभाग के साथ विश्वविद्यालयों की आयोजित बैठक में दोनों के बीच संवादहीनता की स्थिति दूर होती दिखी। पटना उच्च न्यायालय के निर्देश पर यह बैठक होटल मौर्या में बुलायी गई थी। इसमें चार महीने के बाद शिक्षा विभाग के अफसर और तमाम कुलपति एक-दूसरे के आमने-सामने हुए।

इससे पहले आठ जनवरी को विभागीय बैठक में कुलपतियों ने हिस्सा लिया था। रुचिकर यह कि बैठक में कुलपतियों ने विश्वविद्यालयों की समस्याएं गिनाईं तो शिक्षा विभाग ने कुलपतियों से अपनी अपेक्षाएं रखीं। पूरे पांच घंटे तक चली बैठक की वीडियो रिकॉर्डिंग भी करायी गयी।

कुलपतियों ने शिक्षा विभाग के समक्ष विश्वविद्यालयों के वित्तीय संकट से पैदा




हुई विषम परिस्थिति की चर्चा की। इस बीच विश्वविद्यालयों की परीक्षाएं अप-टू-डेट करने की भी जानकारी दी।

विश्वविद्यालयों के कुलपति समेत सभी प्राध्यापकों का भी वेतन भुगतान लंबित रहने से कामकाज पर पड़ने वाले असर से भी विभाग को अवगत कराया गया। वहीं, विश्वविद्यालयों में स्थापित होने वाली डिजिटल लाइब्रेरी के लिए संसाधनों हेतु कमेटी के गठन की आवश्यकता जतायी गई।

नियमित पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति की भी जरूरत बतायी। शिक्षा विभाग से सभी कुलपतियों ने आग्रह किया कि विश्वविद्यालयों में दूरस्थ शिक्षा की समस्याओं का समाधान किया जाए। पर्यटन सहित विभिन्न स्ववित्तपोषी पाठ्यक्रम को प्रारंभ करने के सुझाव भी बैठक में दिए गए।

शिक्षा विभाग के सचिव बैद्यनाथ यादव ने विश्वविद्यालयों में वित्तीय प्रबंधन और उसमें पूरी पारदर्शिता लाने की नसीहत कुलपतियों को दी। पूर्व से तय एजेंडे के आधार पर चली बैठक में विभाग की ओर से कुलपतियों के समक्ष यह अपेक्षा भी रखी गई कि सरकार द्वारा उपलब्ध बजट का खर्च संबंधी पाई-पाई का हिसाब दिया जाए।

इसके लिए बही-खाता दुरुस्त रखें । विभाग द्वारा पावर प्रजेंटेशन के जरिए अहम जानकारियां दी गईं। साथ ही विभाग द्वारा वित्तीय नियमावली बीएफआर-जीईआर का उन्मुखीकरण भी हुआ।


तय एजेंडे के तहत जिन मामलों पर बैठक में चर्चा हुई, उनमें न्यायिक मामलों का निष्पादन (विशेषकर अवमाननावाद), अकादमिक कैलेंडर एवं परीक्षाफल प्रकाशन, विश्वविद्यालयों में आंतरिक स्त्रोत की राशि की उपलब्धता, समयबद्ध तरीके से निधि का महत्तम उपयोग की कार्य योजना तथा विभाग द्वारा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के कार्यों को सुगम बनाया जाना शामिल हैं।

शिक्षा विभाग के विशेष सचिव सतीश चन्द्र झा, उच्च शिक्षा निदेशक रेखा कुमारी, उच्च शिक्षा के उप निदेशक डा.दीपक कुमार सिंह एवं उप निदेशक दिवेश कुमार चौधरी के अलावा सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्रतिकुलपति, कुलसचिव, वित्त परामर्शी, परीक्षा नियंत्रक एवं वित्त अधिकारी।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रांसफॉर्मर से तेल रिसाव को लेकर लोग नाराज, मजदूरों का लगता है जमावड़ा

**पटना।** पटना में ट्रांसफॉर्मर बदलने का दावा भले ही बिजली विभाग कर रही है लेकिन कई जगहों पर अभी भी न तो ट्रांसफॉर्मर बदले गए और ना ही ट्रांसफॉर्मर से हो रहे तेल के रिसाव को बंद किया जा सका है। विद्यापति भवन रोड स्थित आर्ट कॉलेज के पास लगे ट्रांसफॉर्मर से पिछले 10 दिन से तेल का रिसाव हो रहा है। इसके आसपास मजदूरों को जमावड़ा लगा रहता है। यही नहीं उसी रास्ते से घनी बस्ती मंदिरी मोहल्ले में जाने के रास्ता भी जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है किसी दिन भी हादसा हो सकता है। लोगों ने कहा कि बिजली विभाग को इस पर संज्ञान लेकर इसे तुरंत ठीक करना चाहिए। गौरतलब हो कि पटना के सिविल कोर्ट के पास हुए ट्रांसफॉर्मर ब्लास्ट हादसे में वकीलों की मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसके बाद भी विभाग सक्रिय नहीं दिख रहा है।



### हाजीपुर के महनार प्रखंड में वोट का बहिष्कार, सड़क नहीं बनने से चल रहे नाराज



**हाजीपुर।** हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के महनार प्रखंड के करनौती पंचायत के रूप नारायणपुर गांव में सड़क नहीं बनने से नाराज लोगों ने इस बार के लोकसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने को लेकर मोर्चा खोल दिया है। इस गांव में सड़क निर्माण नहीं होने से नाराज लोगों ने सड़क नहीं, तो वोट नहीं का नारा देते हुए वोट बहिष्कार करने का फैसला लिया है। इस दौरान दर्जनों महिला-पुरुषों ने हाथों में पोस्टर बैनर लेकर वोट नहीं तो रोड नहीं का नारा लगाते हुए आक्रोश मार्च निकाला। इस संबंध में लोगों का कहना है कि यहां सालों से सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। हर बार के चुनाव में नेता आते हैं और सड़क बनवाने का वादा कर वोट लेकर चले जाते है।इसलिए इस बार लोगों ने लोकसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। आक्रोशित लोगों ने बताया कि चुनाव के समय जो भी नेता वादा करते हैं वोट लेकर चले जाते हैं लेकिन जर्जर सड़क का निर्माण नहीं हो पता है और तकरीबन 20 वर्षों से सड़क का निर्माण हुआ ही नहीं है जिसको लेकर आए दिन लोगों को आवाजाह करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। और बारिश के मौसम में जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है जिससे लोग हादसे का शिकार भी होते हैं।

### चिराग को छोड़, कई नेताओं ने राजद का किया समर्थन



**हाजीपुर।** वैशाली में चिराग पासवान जहां एक तरफ अपने पिता राम विलास पासवान की विरासत संभालने के लिए चुनाव लड़ने को तैयार है। वहीं दूसरी उनके पार्टी छोड़कर बाहर निकले कई दिग्गज नेताओं ने महागठबंधन उम्मीदवार शिवचंद्र राम को अपना समर्थन देने की बात कही है। इसमें अजय कुशवाहा, ई रविंद्र कुमार सिंह, रेणु कुशवाहा सहित की नाम शामिल है। कुशवाहा समाज की ओर से आयोजित महापंचायत में पूर्व मंत्री रेणु कुशवाहा, अजय कुशवाहा और इंजीनियर रविंद्र कुमार सिंह ने खुलकर इस बात को रखा। कार्यक्रम में कुशवाहा समाज के लोग शामिल हुए। इस दौरान चिराग पासवान के खिलाफ सभी वक्ताओं ने चर्चा किया। इसके बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि एनडीए उम्मीदवार चिराग पासवान ने कुशवाहा समाज को धोखा दिया है। इसलिए, उनका साथ इस चुनाव में नहीं दिया जाएगा। वहीं पूर्व मंत्री रेणु कुशवाहा ने कहा कि इस बार राजद उम्मीदवार शिवचंद्र राम को हाजीपुर का सांसद बनाकर दिल्ली भेजेंगे। उन्होंने आगे कहा कि उनको कुशवाहा समाज के वोट की कोई जरूरत नहीं है। इसलिए हम लोग अपना वोट उनको फेंकने के लिए नहीं जाएंगे।

### जून तक होगी पटना के सभी मैनहोल की मरम्मत, ओपन मैनहोल फ्री सिटी बनाने की कवायद तेज

**पटना।** पटना नगर निगम की ओर से फरवरी तक सारे ओपन मैनहोल को ढकने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन अभी तक यह काम पूरा नहीं हुआ है। अब इसकी तारीख बढ़ाकर 30 जून कर दी गई है। पटना नगर निगम सशक्त स्थाई समिति के सदस्य आशीष सिन्हा ने कहा कि जून तक शहर के सभी खुले एवं टूटे ढक्कन वाले मैनहोल और कैचपिट की मरम्मत कर पटना नगर निगम ओपेन मैनहोल फ्री सिटी घोषित कराने की तैयारी में है। इसके लिए मॉनिटरिंग की जा रही है। पटना नगर निगम देश का पहला निगम बनेगा जो ओपन मैनहोल फ्री रहेगा। निगम की अभियंत्रण शाखा को निर्देश दिया गया है कि वह एक नई सूची तैयार करें। जिससे जानकारी मिल सके कि कितने स्थानों पर मैनहोल के ढक्कन टूटे हैं। नगर आयुक्त के निर्देश के बाद सभी अंचलों में मैनहोल का सर्वे शुरू हो गया है। इसमें वार्ड के सफाई निरीक्षक का सहयोग लिया जा रहा है। वार्ड पार्षदों की राय के बाद अंतिम सूची तैयार की जाएगी। आम लोग भी अपने वार्ड को ओपन मैनहोल फ्री बनाने के लिए अपना योगदान दे सकते हैं। वह 155304 पर कॉल कर ओपन मैनहोल की शिकायत कर सकते हैं।



### देशी विदेशी शराब के साथ कुल चार लोग गिरफ्तार

**चाणक्यभूमि बेतिया** सोमवार को बेतिया पुलिस द्वारा विभिन्न कांडों में कुल 04 गिरफ्तारियां की गई है इसके साथ ही 12 लीटर देशी शराब एवं 29.52 लीटर विदेशी शराब को भी जप्त किया। इसके अतिरिक्त बेतिया जिला पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं निवारण के लिये चलाये जा रहे वाहन जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों का दंड स्वरूप कुल 1,53,500 का चालान काटा गया है।

### 10 दिन से गायब बच्चे का नहीं मिला सुराग, मां ने लगाई मदद की गुहार, फास्ट फूड की दुकान पर काम करता था शुकेश

**पटना।** पटना के मंदिरी काठपुल के पास किराए के मकान में रहने वाला शुकेश कुमार बीते 10 दिनों से गायब है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। 27 तारीख को घर से काम करने के लिए निकला था। लेकिन लौटकर घर नहीं आया। बच्चे की मां किरण देवी ने बताया कि बेगुसराय की रहने वाली हैं। पति बाहर में काम करते हैं।

# पार्टी का कार्यकर्ता 24 कैरेट सोना : रुडी

- बैठक में चुनाव की तैयारियों और चुनावी अभियान पर हुई मंत्रणा
- रुडी ने कहा, सारण का हर कार्यकर्ता, हर बूथ पर कमल खिलाकर जीत के लिए संकल्पित
- देश में 400 पार के साथ प्रधानमंत्री की विकसित भारत की संकल्पना होगी पूरी
- यह चुनाव कोई पार्टी नहीं लड़ रही बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है



**पटना।** सारण लोकसभा क्षेत्र में चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के लिए भाजपा प्रत्याशी सह निवर्तमान सांसद राजीव प्रताप रुडी का जनसंपर्क के साथ ही कार्यकर्ताओं के साथ बैठकों का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को गरखा विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड अंतर्गत पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। देर सायं हुई बैठक में भाजपा प्रत्याशी रुडी के साथ भाजपा के लोकसभा प्रभारी सह प्रदेश महामंत्री जगन्नाथ ठाकुर भी मौजूद थे। निवर्तमान सांसद सह भाजपा प्रत्याशी रुडी ने बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के साथ-साथ चुनाव के मद्देनजर पार्टी की ओर से चलाए जा रहे अभियानों की प्रगति की समीक्षा भी की। चुनाव के मद्देनजर पार्टी की ओर से आगामी अभियानों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया।

रुडी ने कहा कि हर कार्यकर्ता साथी हर बूथ पर कमल खिलाकर सारण लोकसभा क्षेत्र में लगातार तीसरी बार बड़ी जीत दर्ज कर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के अबकी बार 400 पार के संकल्प में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का प्रण ले चुके है। बैठक में सारण लोकसभा क्षेत्र की सभी 6 सीटें जीतने का संकल्प दुहराया गया। एनडीए के सभी सहयोगी दलों के कार्यकर्ताओं ने चुनाव में पूरी ताकत झोंकने की बात कही। रुडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव एनडीए के सभी घटक दाल पूरी मजबूती के साथ लड़ रहे है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जनता एक बार फिर मोदी सरकार बनाने के संकल्पित है। जनता के आशीर्वाद से पिछली बार की तरह इस बार भी लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभाओं में राजग को बड़ी जीत होगी। रुडी ने कहा कि सारणवासी भी फिर एक बार मोदी सरकार बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर चुके है।बैठक में सांसद ने कहा कि जिस प्रकार लगातार दो बार से सारण से भाजपा के जीत का अंतर भारी मतों से बढ़ता जा रहा है उसी प्रकार इस बार भी सारण जीत का इतिहास रचेगा और रिकार्ड मतों से जीत होगी। बैठक में सांसद ने अपने कार्यकाल में सारण में हुए लोक कल्याणकारी कार्यों से सभी कार्यकर्ताओं को पूरी जानकारी दी। उन्होंने सारण में कार्यान्वित गैस पाइपलाइन, नमामि गंगे - छपरा सोनपुर, एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, काली घाट सोनपुर, शेरपुर दिघवारा पुल, पावर ग्रिड रसूलपुर, डबल डेकर छपरा, दीघा सोनपुर सिक्स लेन ब्रिज, बाकरपुर-डुमरियाघाट 4 लेन एक्सेस कंट्रोल हाइवे, गरखा, परसा, अमनौर, टेकनिवास-मांझी तक रिविलगंज बाईपास, मकेर-रेवा घाट पर नया पुल, बाकरपुर-दरिहारा-वैशाली-साहेबगंज रोड, 6 लेन का छपरा बाईपास, रिविलगंज बिशुनपुरा बाईपास, हसनपुर बनिया-सगुनी तटबंध, 400 केवी के लिए सुपर ग्रिड, दिघवारा-बेला-बिदुपुर पटना नॉर्थ रिंग रोड, सेप्टेज प्रबंधन कार्यक्रम (एसएमपी), दिघवारा, स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम, छपरा आदि लगभग 38 हजार करोड़ की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

# बेतिया, मोतिहारी समेत 6 जिलों में झमाझम बारिश

एजेंसी, पटना।



बिहार में मंगलवार को मौसम ने करवट ली है। तेज धूप और लू से लोगों को राहत मिली है।गोपालगंज, मोतिहारी, बेतिया, सीतामढ़ी, शिवहर और बगहा में तेज आंधी के साथ बारिश हुई है।दिन में रात सा नजारा देखने को मिला। अंधेरा छा गया। पटना समेत कई शहरों में सुबह से बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को उत्तर बिहार के अधिकतर हिस्सों में आंधी के साथ बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान मेघगर्जन और आकाशीय बिजली के साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

बिहार में 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस के साथ अररिया जिला का रहा। वहीं प्रदेश का सबसे गर्म 40 डिग्री सेल्सियस के साथ डेहरी रहा। मौसम विभाग ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में बारिश को लेकर येलो और ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। कटिहार, पूर्णिया,अररिया, मधेपुरा, किशनगंज, सुपौल और सहरसा के यलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली,समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**6 मई से 9 मई तक मौसम में दिखेगा बदलाव:** बिहार में बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवा का प्रवेश होने जा रहा है जिससे मौसम बदलने की पूरी संभावना बनी हुई है। 5 मई की शाम से कई जिलों में नमी युक्त हवा का प्रवाह होने के साथ बादल छाए रहेंगे। इसके प्रभाव से नमी की मात्रा में वृद्धि होने के साथ अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी। छह मई से नौ मई के दौरान पटना समेत प्रदेश के मौसम में बदलाव की संभावना है।

# नामांकन को लेकर पटना समाहरणालय में बढ़ाई गई चौकसी

एजेंसी, पटना।



सातवें चरण के मतदान के लिए आज से नामांकन शुरू हो गया है। पटना समाहरणालय में भी चौकसी बढ़ा दी गई है। यहां पाटलिपुत्र और पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों के नामांकन की व्यवस्था की गई है। आस पास के इलाकों की बैरीकेडिंग कर दी गई। गांधी मैदान से छज्जूबाग, समाहरणालय की ओर जाने वाले रास्ते को वन वे कर दिया गया है। मुख्य एंट्री गेट पर भी फोर्स और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।

**समाहरणालय में अमलोगो की एंट्री बंद:** समाहरणालय में आम लोगों की एंट्री प्रतिबंधित कर दी गई है। कर्मियों को भी आईकार्ड दिखाने के बाद ही एंट्री दी जा रही है। दोपहर एक बजे तक एक भी उम्मीदवार ने पर्चा दाखिल नहीं किया। कुणाल कुमार उर्फ कुणाल प्रजापति पाटलिपुत्र लोकसभा से नॉमिनेशन किया। वो हमारा सहारा पार्टी के उम्मीदवार हैं। दूसरे काम से समाहरणालय आए आम लोगों को परेशानी बढ़ गई है। राजा बाजार,शेखपुरा से लल्लू कुमार ने बताया कि जमाबंदी से संबंधित सुनवाई थी। लेकिन समाहरणालय में एंट्री नहीं मिल रहा है। विक्रमपुर से आए शैलेश ने बताया कि फाइल जमा करना था। लेकिन एंट्री नहीं मिली है। दोपहर 3 बजे के बाद एंट्री मिलने की जानकारी दी जा रही है।

- पहले दिन दोपहर 1 बजे तक एक भी प्रत्याशी ने नहीं दाखिल किया नामांकन

### विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की 2 मीटिंग, केके पाठक शामिल नहीं हुए

# राजभवन और शिक्षा विभाग के बीच तनातनी जारी, दोनों मीटिंग में नहीं पहुंचे ACS

एजेंसी, पटना।

बिहार में राजभवन और शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के बीच तनातनी की स्थिति बनी हुई है। इसी बीच पटना में सोमवार को शिक्षा विभाग और राजभवन के बीच दो अहम बैठकें हुईं। बड़ी बात यह है कि किसी भी मीटिंग में केके पाठक शामिल नहीं हुए। पहली मीटिंग आज राजधानी के होटल मौर्या में हुई। यह मीटिंग पटना हाई कोर्ट के आदेश पर शिक्षा विभाग ने आयोजित की थी। इसमें सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति (वाइस चांसलर) शामिल हुए। इस मीटिंग में शिक्षा विभाग के कई बड़े अधिकारी मौजूद थे। इसके बाद शाम 5 बजे के करीब राजभवन में दूसरी मीटिंग हुई। होटल मौर्या के बाद सभी कुलपति राजभवन पहुंचे। इस बैठक में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक को भी निमंत्रण भेजा गया था। लेकिन, यहां भी वह नहीं पहुंचे।

**ग्रेजुएशन और पीजी एडमिशन पर फोकस:** राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के निर्देश पर सभी कुलपतियों की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में वर्तमान समय में स्नातक और स्नातकोत्तर में विद्यार्थियों के नामांकन की स्थिति की जानकारी ली गई। साथ ही इन दोनों परीक्षाओं के आयोजन में देरी पर समीक्षा की गई। राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू ने बैठक को लेकर सभी कुलपतियों को पिछले सप्ताह गुरुवार को पत्र भेजा था। पत्र में कुलपतियों को कहा गया था कि वह एजेंडा ब्योरा बैठक से तीन दिन पहले 3 मई तक बैठक कार्यालय को भेजें।



**पूरी मीटिंग की वीडियोग्राफी भी कराई गई:** पटना हाई कोर्ट के निर्देश पर शिक्षा विभाग के बीच बुलाई गई बैठक 5 घंटे तक चली। पूरी मीटिंग की वीडियोग्राफी भी कराई गई। शिक्षा विभाग के अफसर और तमाम कुलपति एक-दूसरे के आमने-सामने चार महीने बाद नजर आए। आज की बैठक के पूर्व 8 जनवरी को दोनों के बीच बैठक हुई थी।

**विश्वविद्यालयों के वित्तीय संकट पर चर्चा:** बैठक में कुलपतियों ने शिक्षा विभाग के सामने विश्वविद्यालयों के वित्तीय संकट विकट की स्थिति को बताया है। साथ ही विश्वविद्यालयों की परीक्षाएं अप-टू-डेट करने की भी जानकारी दी गई। विश्वविद्यालयों के कुलपति समेत सभी प्राध्यापक का भी लंबित वेतन भुगतान से पड़ने वाले असर को बताया।

**डिजिटल लाइब्रेरी पर भी हुई बात:** वहीं, विश्वविद्यालयों में स्थापित होने वाले डिजिटल लाइब्रेरी के लिए संसाधनों के कमेटी के गठन करने की जरूरत बताई। नियमित पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति करने की बात कही गई। शिक्षा विभाग से सभी कुलपतियों ने आग्रह किया कि विश्वविद्यालयों में दूरस्थ शिक्षा की समस्याओं का समाधान किया जाए। पर्यटन सहित विभिन्न स्ववित्तपोषी पाठ्यक्रम को प्रारंभ करने के सुझाव भी बैठक में दिए हैं।

# पटना में दहेज के लिए पत्नी को छोड़ा, एक साल पहले हुई थी शादी, 20 लाख की गाड़ी मांग रहे थे

एजेंसी, पटना।



पटना में दहेज के लिए पति ने अपनी पत्नी को छोड़ दिया। एक साल पहले ही शादी हुई थी। शादी के कुछ महीने बाद से ही ससुराल वाले 20 लाख की गाड़ी मांग रहे थे। जिसको लेकर प्रताड़ित भी करते थे। गाड़ी नहीं मिलने पर महिला को बेंगलुरु से लाकर पटना एयरपोर्ट छोड़कर पति फरार हो गया। जिसके बाद पीड़िता ने महिला थाने में लिखित आवेदन दिया है।

**शादी में 55 लाख रुपए खर्च हुआ था:** पीड़िता ने बताया कि 10 मई 2023 को मेरी शादी पिपरा थाना क्षेत्र के रहने वाले प्रियरंजन कुमार के साथ हुई थी। शादी के समय मेरे पिता ने करीब 55 लाख रुपए खर्च किए। 29 लाख 50 हजार रुपए नकद, 7 लाख रुपए का घरेलू सामान और 8 लाख रुपए का जेवरात दिया था।

**खाना-पीना भी बंद कर देते थे:** शादी के कुछ दिन बाद से ही मेरे पति, सास अनीता देवी और ससुर अविनाश सिंह कहने लगे कि दहेज के तौर पर कुछ नहीं दिया। अपने पिता से 20 लाख की गाड़ी मांग लो। इस पर मैंने कहा कि अभी नहीं दे पाएंगे। जिसके बाद से आए दिन मुझे प्रताड़ित करने लगे। मारपीट भी की जाती थी। यहां तक की खाना-पीना भी बंद कर देते थे।

**मेरे पापा को फोनकर कहा कि आपकी बेटी को नहीं रख सकता:** पीड़िता ने आगे कहा कि मेरे पति बेंगलुरु में जॉब करते हैं। शादी के बाद मुझे भी वहां ले गए थे। वहां भी दहेज में गाड़ी नहीं देने पर छोड़ देने की धमकी और मारपीट करते थे। 3 मार्च को पति ने मेरे पिता को फोन कर कहा कि गाड़ी खरीदकर भेज दीजिए, नहीं तो अपनी बेटी को जीवन भर अपने पास रखिए। मैं इसे नहीं रख सकता।

**पटना एयरपोर्ट पर मुझे लाकर छोड़ दिया:** बेंगलुरु में मेरा घर से बाहर आना जाना बंद कर दिया था। 20 अप्रैल को मेरे पति ने मुझे पटना एयरपोर्ट पर लाकर छोड़ दिया। जैसे तैसे मैं अपने घर आई। पिताजी कई बार मेरे ससुराल गए, लेकिन उनको कहा जाता था कि हमलोग अपने बेटे की शादी कहीं और कर रहे हैं। आप भी अपनी औकात देखकर शादी कर दीजिए। मेरे ससुर ने पिताजी को घर से निकालकर दरवाजा बंद कर दिया। जिसके बाद महिला थाना में मामला दर्ज कराया है।

**महिला के पति को पुलिस ने थाने पर बुलाया:** इस संबंध में केस की आईओ कुसुम प्रभा ने बताया कि महिला के पति को थाना बुलाया गया है। पहले दोनों की काउंसलिंग की जाएगी। फिर उनके मां-बाप कि काउंसलिंग की जाएगी। अगर सब कुछ ठीक नहीं हुआ तो कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

# बिहार के ऋषि का U-18 भारतीय वॉलीबॉल टीम में चयन

एजेंसी, पटना।



बिहार के ऋषि लाल आजाद का चयन U-18 भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम में हुआ है। अब भारतीय खेल प्राधिकरण बेंगलुरु में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय शिविर में भाग लेंगे। ऋषि भारतीय वॉलीबॉल टीम का हिस्सा बनने वाले दूसरे बिहारी हैं। इससे पहले अनुज सिंह राजपूत का चयन हुआ था। इस बात की जानकारी बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रण शंकरण ने दी है।

**पटना जंक्शनसे उठाया गया था:** गया के ऋषि ने 2022 में वॉलीबॉल खेलना शुरू किया था। उनके वॉलीबॉल खेलने के पीछे भी एक मजेदार कहानी है। उन्हें अचानक पटना जंक्शन से उठाया गया था और फिर पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में लाकर ट्रेनिंग दी गई। दरअसल, ऋषि की हाइट 6 फीट 7 इंच है। यह वॉलीबॉल खेलने के लिए बेस्ट हाइट में से एक मानी जाती है। एक बारपाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के वॉलीबॉल कोच अमन कुमार अपनी टीम के साथ वापस पटना आ रहे थे, इस दौरान रेलवे स्टेशन पर उनकी नजर ऋषि पर पड़ी। अमन ने ऋषि को वॉलीबॉल खेलने के लिए मनाया और फिर घर वालों से भी बातचीत की। जिसके बाद ऋषि भी सब की बातों से प्रभावित होकर वॉलीबॉल खेलने का मन बनाया। अमन ने इस साल ही सीबीएसई बोर्ड से 12वीं का एग्जाम दिया है।

# पटना सिटी में महिला से 2 लाख की लूट

एजेंसी, पटना।



पटना सिटी के चौक थाना क्षेत्र में एक महिला से 2 लाख रुपए की लूट हुई है। पंजाब नेशनल बैंक से पैसा निकाल कर घर जा रही महिला से अपराधियों ने रुपयों से भरा बैग छीन लिया। पीड़िता कविता सिंह की शिकायत पर केस दर्जकर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

**बेटे की पढ़ाई के लिए लिया था गोल्ड लोन:** मानस पथ निवासी कविता सिंह ने बताया कि बेटे को इंजीनियरिंग में एडमिशन लेना था। जिसके लिए गोल्ड रखकर बैंक से 2 लाख रुपए का लोन लिया था। बैंक से पैसा लेकर घर जा रही थी, इस बीच बाइक सवार दो अपराधी बीच सड़क पर बैग छीनने की कोशिश करने लगे। मैंने काफी विरोध किया, मुझे घसीटते हुए कुछ दूर तक ले गए। आसपास मौजूद लोग देखते रहे, किसी ने मेरी मदद नहीं की। दोनों ने हेलमेट पहन रखा था। पटना सिटी के डीएसपी-2 डॉ. गौरव कुमार ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि महिला की शिकायत पर चौक थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पटना में 10 मई से दीघा घाट पर लगेंगे चौके-छक्के

# वोटर्स को जागरूक करने के लिए होगा इंडियन वोटर्स लीग, स्ट्रीट फूड का भी ले सकेंगे लुत्फ

एजेंसी, पटना।

आज से पाटलिपुत्र और पटना साहिब संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन शुरू हो गया है। लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग पटना में 1 जून को होगी। लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पटना नगर निगम इंडियन वोटर्स लीग (IVL) कराने जा रहा है। इसका आयोजन 10 मई से होगा। दीघा जेपी सेतु घाट से गेट नंबर 88 घाट पर इसका आयोजन होगा। पिछले दो फेस में घटे वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने के लिए यह पहल की जा रही है।

**शाम में होगा मैच:** इस मैच के लिए घाट को तैयार किया जा रहा है। नगर निगम की ओर से घाट की सफाई करा दी गई है और अब पिच तैयार हो रहा है। यह क्रिकेट मैच रोज शाम को शुरू होगा। इसीलिए लाइट की व्यवस्था की जा रही है। यहां 500 से अधिक लाइट लगायी जाएंगी। इस मैच में आम लोगों के साथ-साथ नगर निगम के पार्षद, सामाजिक सेवा से जुड़े लोग, एनजीओ, अधिकारी, पत्रकार, व्यवसायी आदि की भी टीम बनेगी।



**गंगा किनारे लगेंगे स्ट्रीट फूड के स्टॉल:** इस क्रिकेट मैच के दौरान गंगा किनारे स्ट्रीट फूड के स्टॉल भी बनाए जाएंगे। इसके लिए स्ट्रीट वेंडरों को गंगा किनारे तरह-तरह के व्यंजनों का स्टॉल लगाने को कहा गया है, ताकि लोग मैच देखते-देखते व्यंजनों का भी आनंद ले सकें। यह मैच 15 दिनों तक चलेगा। 25 मई तक इसका आयोजन होगा। यह देश में पहली बार होगा जब वोटिंग के लिए जागरूक करने के लिए क्रिकेट लीग का आयोजन हो रहा हो। इंडियन वोटर्स लीग का आयोजन गंगा किनारे दीघा घाट पर होगा। इसमें नए वोटर्स, महिला वोटर्स, दिव्यांग वोटर्स, युवा वोटर्स, बुजुर्ग वोटर्स, आदि की टीम रहेगी।

# मझौलिया में चोरी की घटनाओं में वृद्धि सतर्कता से ट्रैक्टर चोरी का प्रयास विफल

चाण्क्यभूमि मझौलिया



सोमबार की रात मझौलिया पंचायत के वार्ड 01 स्थित साहू ट्रेडर्स परिसर से ट्रैक्टर चोरी कर भाग रहे चोरों का पीछा कर गृह स्वामी ने साहस का परिचय देते हुए चोरी की घटना को विफल कर दिया। जो काम पुलिस नही कर सकी उसे दुकान मालिक मनीष कुमार ने कर दिखाया। बताया गया है कि मझौलिया का वार्ड सदस्य मंजू देवी के साहू ट्रेडर्स परिसर में तीन की संख्या में अज्ञात अपराधियो ने महिंद्रा ट्रैक्टर को मास्टर चावी से स्टार्ट कर चोरी की नीयत से ले जाने लगे। रात केअंधेरे में ट्रैक्टर की आवाज सुन बगलगीर पड़ोसी ने मनीष को मोबाइल से खबर दी।मनीष तुरंत हरक्क्त में आये और तेजी के साथ अपने घर से बाइक से दुकान पर पहुंचे। तबतक चोर ट्रैक्टर को दुकान से बाहर निकाल चुके थे।मनीष के चिल्लाने पर चोर हड़बड़ा गये और चालू ट्रैक्टर से कूदकर एक बाइक पर सवार होकर धोकरहा की ओर सड़क पर भागने लगे। मनीष को पीछा करता देख उसे असंतुलित करने के लिए चोरों ने कंबल फेंका।नजदीक आकर मनीष ने पीछा से चोरों को पकड़कर गिरा दिया।खूब धक्का मुक्की हुई।अंततः चोरों ने अपनी बाइक छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाकर चंपत हो गये। सूचना पर पहुंची 112 नंबर की पुलिस ने धोकरहा मोड़ से बाइक नंबर बी आर 22 ए पी 4589 को जब्त कर लिया।इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्र ने बताया कि जब्त बाइक सिरसिया थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 निवासी विजय रावत के पुत्र अभिमन्यु पाल के नाम रजिस्टर्ड है। बाइक की डिक्की से मोटरसाइकिल के कागजातों एवं जमीन का कागजात भी बरामद हुआ है। मामले को लेकर पीड़ित प्रोप्राइट मनीष कुमार ने मंगलवार को एफआईआर किया। बताते चले की साहू ट्रेडर्स से पिछले दिनों एलईडी समेत अन्य सामग्रियों की चोरी हुई थी। यहां अवस्थित आइसक्रीम फैक्ट्री में भी अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए मूल्य की सामग्रियों का चोरी की थी। दो दिन पूर्व सतभीड़वा से राजेश्वर भारती की दहेज की बाइक चोरी हुई थी। बहरहाल मझौलिया में चोरों की आतंक बढ़ गया है।

- पुलिस की लाख कोशिशों के बाबजूद मझौलिया में चोरों का आतंक रुकने का नाम नहीं ले रहा ऐसा लगता है कि चोरों के मन से पुलिस का भय निकल गया है

## बगहा पुलिस जिला में फाइनेंस कर्मी से एक लाख की लूट

चाणक्यभूमि संवाद सूत्र

बगहा के सेमरा मुख्य पथ पर अपराधियों ने L&T फाइनेंस के कर्मी से 1 लाख 5 हजार की लूट लिये। बताया जा रहा है कि बुलेट पर सवार दो अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। सूचना मिलते हीं एसपी के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और अपराध की जाँच में लग गयी। घटना के सम्बंध में पता चला कि एलएनटी फाइनेंस कंपनी का कर्मी पंचगांवा और अन्य गांवों से कलेक्शन कर बगहा स्थित मुख्य शाखा में पैसा जमा कराने लौट रहा था । इसी क्रम में एक सफेद बुलेट पर सवार दो अपराधियों ने उसके बाइक को धक्का दे दिया और जैसे हीं वह गिरा तो पैसों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और क्षेत्र मे लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है ताकि अपराधियों को पकड़ा जा सके।

## बैंक पर उच्चको की नजर वृद्ध से 35 हजार रूपये छीने

चाण्क्यभूमि मैनाटाड़

एसबीआई बैंक मैनाटांड़ से रूपये निकाल घर जा रहे वृद्ध से बाइक सवार अपराधियों ने रूपये छीन फरार हो गये।घटना मैनाटाड़ गांव में बभनौली जाने वाली मुख्य पथ का है। मिली जानकारी के अनुसार बभनौली निवासी चोकट साह एसबीआई से मंगलवार के अपराह्न 35 हजार रूपये निकाल अपने घर जा रहे थे। जैसे ही मैनाटाड गांव में घुसे कि एक बाइक पर बैठे दो युवक आये और बोले कि आचार संहिता में पचास हजार रूपये से ज्यादा रूपया निकाल कर आप घर जा रहे हैं यह ग़लत है । इसी बातचीत के दौरान चेकिंग के बहाने चोकट साह से बैंक से निकाले पैंतीस हजार रुपये और पासबुक ले लिये। उसके बाद पासबुक फेक रुपया लेकर रफ्फूचक्कर हो गये। वहीं थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।जल्द ही मामले का उद्वेदन कर लिया जायेगा।

# महायज्ञ का हुआ समापन महायज्ञ में अयोध्या के संत हुए शामिल

चाणक्य भूमि बैरिया



पटजिरवा धाम में 29 अप्रैल से चल रहा नौ दिवसीय सतचंडी नवाह महायज्ञ का समापन हो गया। यज्ञ की समाप्ति पर प्रकृति ने भी अपनी शीतल छाया के रूप मे बारिश प्रदान की। यज्ञ के अंतिम दिन हवन के साथ 151 कन्याओं को भोजन खिलाकर पूर्णाहुति हुई । उसके बाद नवकुनडीय बेदी के यजमान अशोक महतो,नगीना चौधरी, मुकेश पटेल सहित अन्य यजमान ने हवन किया। तदोप्रांत महायज्ञ के आयोजन केदार पांडे प्लस 2 के पूर्व प्राचार्य सुनील दुबे व उनकी धर्मपत्नी प्रभा द्विवेदी, अजय कुमार पांडे,अनु कुमारी,अरूण कुमार गुप्ता,सरस्वती देवी ने संयुक्त रूप से हवन अर्चना विद्वान पंडित राघवेर मिश्रा,उप आचार्य संजय मिश्रा, दिनेश दुबे,पंडित अश्विनी तिवारी, अश्वनी दुबे,विकास पांडे, जितेंद्र मिश्र,प्रशांत पांडे,राहुल मिश्रा के संयुक्त रुप से मंत्र उच्चारण के साथ पूर्णावती हवन कराया। अयोध्या धाम से आये महान संत रामेश्वर दास जी महाराज का महायज्ञ की आयोजन में अमूल्य योगदान रहा है। वहीं स्थानीय मनोज पांडे उर्फ भीम पांडे पंचायत समिति सदस्य मोहम्मद जाफीर खान,दीपलाल चौधरी,वीर महतो सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा नव दिवसीय महायज्ञ के प्रत्येक दिन राम कथा एवं रामलीला का आयोजन होता रहा रात्रि में मेला का ऐसा दृश्य उत्पन्न होता था कि देखने के लिए दूर-दूर से हजारों की संख्या में लोग आया करते थे। ईस महायज्ञ के मुख्य अतिथि अयोध्या धाम दशरथ महल के छोटे महंत सुजीत दास जी महाराज पधारे हुए थे विद्वान पंडितों ने आयोजक श्री सुनील दुबे को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# शराब व्यापारी को पाँच साल की सजा और एक लाख का जुर्माना

चाणक्यभूमि बेतिया




- लादूराम गोला निवासी रामबाबू कुमार को अदालत ने शराब व्यवसाय के आरोप में पाँच साल की सजा और एक लाख का जुर्माना लगाया है न्यायालय में उसपर शराब से संबंधित दो और मामले लंबित है

बेतिया में शराब मामले की सुनवाई करते हुये न्यायाधीश नितिन कौशिक ने शराब का अवैध धंधा करने वाले अभियुक्त रामबाबू कुमार को दोषी करार दिया है। मंगलवार को न्यायाधीश ने अभियुक्त को मध निषेध उत्पाद अधिनियम की धारा 30(ए) में 5 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई साथ ही अभियुक्त को 1 लाख का जुर्माना भी देने का आदेश दिया है। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास की सजा बढ़ा दी जाएगी। उपरोक्त मामलों के विशेष लोक अभियोजक दिनेश कुमार ने बताया कि 20 अप्रैल 2023 को नगर थाने के पुलिस अवर निरीक्षक राहुल माझी को गुप्त सूचना मिली कि शराब धंधेबाज रामबाबू कुमार लादूराम गोला स्थित अपने मकान से सटे खाली मैदान में शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने घटनास्थल पर धावा बोला और धंधेबाज को शराब बेचते रंगे हाथों पकड़ लिया। तलाशी के क्रम में पुलिस ने उसके झोले से 75 बोतल 300 एम एल कुल 19.5 लीटर शराब भी जब्त कर लिया। दिनेश कुमार ने बताया कि रामबाबू आदतन शराब धंधेबाज है। शराब बेचने के आरोप में उस पर दो अन्य मामलों में न्यायालय में विचाराधीन है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने यह फैसला सुनाया है।

## तीसरे दौर मे बिहार मे 60 प्रतिशत के लगभग मतदान हुआ

चाणक्यभूमि संवाद सूत्र

लोकसभा चुनाव के तीसरे दौर मे आज बिहार की पाँच सीटों पर मतदान हुआ । मौसम ने आज मतदाताओं का साथ दिया और अन्य दिनों की अपेक्षा तापमान में आज गिरावट दर्ज की गई। चुनाव आयोग द्वारा जारी आकड़ों के अनुसार औसत मतदान की दर साठ प्रतिशत रही। शाम 6 बजे तक प्राप्त आकड़ों के अनुसार झंझारपुर में 55.50 फीसदी वोटिंग हुई जबकि सुपौल में 6 बजे तक 62.40 प्रतिशत, अररिया में 62.80 फीसदी, मधेपुरा में 61.00 फीसदी और खगड़िया लोकसभा सीट 58.20 फीसदी वोटिंग हुई है। इस प्रकार पांच सीटों पर शाम 6 बजे तक औसतन कुल 60.00 फीसदी मतदान दर्ज किया गया है। अगर आकड़ों पर गौर करें तो लोकसभा चुनाव के तीसरे दौर मे सबसे ज्यादा अररिया में 62.80 फीसदी तो सबसे कम झंझारपुर में 55.50 फीसदी मतदान हुआ।

## टैगोर एवं मानवतावाद' विषय पर छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए



चाणक्यभूमि

**पटना**। मंगलवार को जे डी विमिंस कॉलेज के दर्शन शास्त्र विभाग में रविन्द्र नाथ टैगोर जयंती मनाई गई। 'टैगोर एवं मानवतावाद' विषय पर छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्या डॉ मीरा कुमारी ने बताया कि टैगोर विलक्षण व्यक्तित्व के स्वामी एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी रहें हैं।दर्शन तथा साहित्य के क्षेत्र में अतुल्य योगदान रहा है। इस अवसर पर विभागाध्यक्षा डॉ मालिनी वर्मा, विभागीय शिक्षिका डॉ वीणा कुमारी, डॉ कुमारी सुमन, डॉ हीना रानी एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## चुलाई शराब के साथ धंधेबाज धराया

चाण्क्य भूमि (मैनाटाड़)

भंगहा पुलिस ने नेपाल से लेकर आ रहे चुलाई शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। भंगहा थानाध्यक्ष राहुल प्रसाद मांझी ने बताया कि थाना क्षेत्र के पचरौता के पास पुलिस टीम गश्त पर थी।तभी एक संदिग्ध व्यक्ति नेपाल से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर गया था। संदेह होने उसे रोककर उसकी तालाशी ली गयी।तो उसके पास से पांच लीटर चुलाई शराब मिला।जिसे जब्त कर लिया गया। शराब के साथ धराया धंधेबाज थाना क्षेत्र के थुकहा गांव निवासी भुलाई दिसवा है।जिसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज कर न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया है ।

## 65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने अनुमंडल अस्पताल बगहा-2 में स्वाच्छता अभियान चलाया

चाणक्यभूमि बगहा



65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बगहा के द्वारा "मेरी लाइफ"थीम पर अनुमंडल बगहा के शहरी प्राथमिक स्वास्थय केंद्र बगहा-2 के आस-पास के इलाको में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत साफ-सफाई तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान में सार्वजानिक स्थलों की साफ सफाई एवं स्वच्छता के प्रति आम नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है स्वच्छता समाज में रहने वाले हर इन्सान की जिम्मेदारी है हमें खुद को,घर एवं आस-पास के पर्यावरण को हर दिन स्वच्छ एवं साफ रखने की जरूरत है । हम सभी को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं सामूहिक स्वच्छता के महत्व को अपने जीवन में आवश्यकता के रूप में समझना चाहिए और इसे दैनिक जीवन में लागू करना चाहिए ताकि सम्पूर्ण समाज स्वच्छता के प्रति जागरूक हो सके इस कार्यक्रम के दौरान शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बगहा-2 के डाक्टर अरशद कमाल, एएनएम पिंकी कुमारी, एएनएम रीना कुमारी, आशा फैशलेटर बबीता कुमारी,सहायक उप निरीक्षक राजकुमार व 65 वाहिनी के बलकर्मी उपस्थित रहे।

# संजय जायसवाल की नाव डोलने लगा

चाणक्यभूमि बेतिया




**बेतिया**। लोकसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों अपने ताकत झुकने में लगे हुए हैं वहीं महागठबंधन के प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी दिन रात एक कर कर मतदाताओं को जागरुक कर रहे हैं अपने पक्ष में मतदान करने के लिए। उन्होंने लोगों से एक बार का मौका मांग रहा है कर रहे हैं कि एक बार आप लोग जीत कर देखिए आपके लोकसभा बेतिया में विकास नहीं हुआ तो मैं वोट मांगने आपके पास नहीं आऊंगा। उन्होंने कहा कि एक ही परिवार के 35 वर्ष से राज चल रहा है कभी पिता इस क्षेत्र से सांसद थे उसके बाद पुत्र रह चुके हैं फिर भी चौथी बार लड़ाई लड़ रहे हैं लेकिन विकास के नाम पर कोई कार्य नहीं किया है उन्होंने अभी आरोप लगाया कि की सांसद संजय जायसवाल को रामगढ़वा थाना क्षेत्र के नकरदेई गांव के लोगों ने रास्ता नहीं होने को लेकर विरोध भी जताया साथी उन्होंने लोगों को आक्रोश का सामना करना पड़ा। मदन मोहन तिवारी ने कहा कि परिवर्तन ही संसार का नियम है अबकी बार परिवर्तन नहीं हुआ तो बेतिया लोकसभा क्षेत्र का विकास नहीं हो सकेगा उन्होंने लोगों से अपील की कि जात पात पर नहीं विकास के नाम पर मतदान करें उन्होंने कहा कि उनके साथ कई विधायक कई बड़े नेता है पर हमारे साथ जनता ही है यह चुनाव मदन मोहन तिवारी नहीं लड़ रहा है बेतिया लोकसभा क्षेत्र के जनता चुनाव लड़ रही है इसलिए सभी जनता एक होकर महागठबंधन के पक्ष में अपना मतदान करें ।

## पश्चिम चंपारण लोकसभा क्षेत्र के तीन अभ्यर्थियों का नामांकन पत्र रद्द

चाणक्यभूमि बेतिया

**बेतिया** लोकसभा चुनाव लिए नामजदगी का पर्चा दाखिल करने वाले अभ्यर्थियों के नामांकन पत्रों की जांच मंगलवार को की गई। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान त्रुटिपूर्ण पाते हुए निवार्ची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने तीन अभ्यर्थियों का नामांकन पत्र को रद्द कर दिया है। जिसके बाद कुल 8 अभ्यर्थियों ही चुनाव मैदान मे रह गये है। हालाँकि नामांकन वापसी की तिथि 9 मई तक निर्धारित है और उसके बाद ही पता चलेगा कि कुल कितने उम्मीदवार मैदान मे रहेंगे।































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714